पाठ्यक्रम

हिन्दी (ऐच्छिक)
सेमेस्टर—1

पूर्णांक : 90+10 = 100
समय : 3 घण्टे

1. **कवितालोक :**

सं० डॉ० शिवकुमार शर्मा, पब्लिकेशन ब्यूरो, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ द्वारा प्रकाशित।

इन चार कवियों की रचनाएँ पाठ्यक्रम में निर्धारित की गई हैं—
कबीर, रैदास, गुरुनानक देव, सूरदास।

(क) 5–5 अंकों की दो संदर्भ सहित व्याख्याएँ करनी होंगी। कुल 4 संदर्भ पूछे जाएँगे। अंक : 10

(ख) 6 अंकों का एक समीक्षात्मक प्रश्न करना होगा। कुल 2 प्रश्न पूछे जाएँगे। अंक : 06

इस खंड में से कवि-परिचय, कविता-सार तथा उद्देश्य संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगे। उत्तरों की शब्द-सीमा 200 होगी।

2. **सजीव कहानियाँ :**

सं० डॉ० लक्ष्मीचन्द्र खुराना, पब्लिकेशन ब्यूरो, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ द्वारा प्रकाशित। निम्नलिखित सात कहानियाँ पाठ्यक्रम में हैं—
शतरंज के खिलाड़ी, ममता, अशिक्षित का हृदय, मौत के मुँह में, न्याय मंत्री, गुलाब, सभ्य-असभ्य।

(क) 5–5 अंकों की दो संदर्भसहित व्याख्याएँ करनी होंगी। कुल 4 व्याख्याएँ पूछी जाएँगी। अंक : 10

(ख) 6 अंकों का एक समीक्षात्मक प्रश्न करना होगा। इस खंड में कथावस्तु, चरित्र-चित्रण एवं उद्देश्य से संबंधित कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक उत्तर की शब्द-सीमा 200 तक होगी। अंक : 06

3. तीन-तीन अंकों के तीन लघु-उत्तरापेक्षी प्रश्न करने होंगे। अंक : 09
कुल 6 प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक उत्तर की सीमा 50 शब्दों तक होगी। ये प्रश्न इस पत्र के पूर्वोक्त दो खंडों (कवितालोक एवं सजीव कहानियाँ) पर आधारित होंगे।

amitbookdepot.com

4. हिन्दी-साहित्य का इतिहास : अंक : 07

आदिकाल (अपभ्रंश साहित्य को छोड़कर) से निम्नलिखित शीर्षकों पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे।

आदिकाल का नामकरण, काल-सीमा, परिस्थितियाँ, प्रवृत्तियाँ और पृथ्वीराज रासो तथा बीसलदेव रासो का परिचय।

7 अंकों का एक समीक्षात्मक प्रश्न करना होगा। कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे।

(शब्द-सीमा 200)

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्न अंक : 10

इस पत्र के पूर्वोक्त तीनों खंडों के संबंध में 1–1 अंक के दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। कुल पन्द्रह प्रश्न पूछे जाएँगे।

6. समीक्षा सिद्धान्त : अंक : 07

कहानी—परिभाषा, तत्त्व और वर्गीकरण संबंधी दो प्रश्न पूछे जाएँगे। 7 अंकों का केवल एक प्रश्न करना होगा।

(शब्द-सीमा 200)

7. व्यावहारिक व्याकरण : अंक : 20

(क) विपरीतार्थक शब्द (सात में से पाँच करने होंगे।) 5 अंक

(ख) समानार्थक शब्द (सात में से पाँच करने होंगे।) 5 अंक

(ग) शब्द-शोधन और वाक्य-शोधन
(सात में से पाँच करने होंगे।) 5 अंक

(घ) वाक्यांश के लिए एक शब्द
(सात में से पाँच करने होंगे।) 5 अंक

8. पारिभाषिक शब्दावली (संलग्न शब्दावली) अंक : 5

कुल आठ में से पाँच के उत्तर देने होंगे।

9. आंतरिक मूल्यांकन : अंक : 10

सहायक पुस्तकें :

हिन्दी साहित्य का इतिहास : कुसुम वर्मा

निर्देश : छह लेक्चर Text के और तीन लेक्चर व्याकरण के अनिवार्य होंगे।

amitbookdepot.com